हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

11 भारतमाला सड़क निर्माण कंपनी ने मेंडरका में बिना अनुमति खोद...



12 ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों से सजा बाजार



## खबर संक्षेप

### लेखा प्रणाली पर सेमिनार 13 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में विधि भाग-दो (सेमेस्टर प्रथम) सत्र 2025-26 में प्रवेशित एवं नियमित विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक नैतिकता एवं व्यावसायिक लेखा प्रणाली अंतर्गत अधिवक्ता अधिनियम 1961 का एक सामान्य अध्ययन विषय पर सेमिनार 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे रखा गया है। विद्यार्थियों को ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है।

### ऋण वसूली शिविर 26 को

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 26 नवंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि यह शिविर जनपद पंचायत भवन मगरलोड में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आयोजित शिविर में ऋणी हितग्राहियों को ऋण की किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने कहा एवं दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की सम्पूर्ण बकाया राशि समय पर अदा करने कहा है।

### जिले में बिछेगा सड़कों का जाल



**धमतरी।** जिले में सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी हे। कई सड़कों पर काम शुरू हो चुका है, जबकि कई सड़कों के लिए इस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। कोलियारी-खरेंगा, धमतरी-नगरी, सिहावा रोड बाईपास इनमें प्रमुख हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि बारिश से खराब हुई सड़कों का प्राथमिकता के साथ मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कई सड़कों की घोषणा की है। इन सड़कों पर भी काम शुरू किया जाना है। उन्होंने बताया कि रत्नाबांधा रोड, सिहावा रोड, कोलियारी से खरेंगा-दोनर रोड, नगरी रोड, मुजगहन से सिलौटी, कलेक्टोरेट से श्यामतराई, रूद्री रोड को बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त करीब 23 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर भी काम होना है। कोशिश की जा रही है कि आगामी बारिश से पहले यह सभी सड़क तैयार हो जाएं।

### करहीगांव में धान खरीदी उपार्जन केंद्र खोलने की मांग

**नगरी।** ग्राम पंचायत करहीगांव के ग्रामीणों ने धान खरीदी उपार्जन केंद्र खोलने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम करहीगांव, खल्हारी, कसवाही, करही, खलारीपारा आदि आसपास के क्षेत्र के किसान धान बेचने के लिए दूरस्थ मंडी केंद्र तक जाते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि धान मंडी केंद्र की दूरी लगभग 10 से 12 किमी है, जिसके कारण किसानों को परिवहन एवं समय दोनों की कठिनाई होती है। यदि करहीगांव में ही धान खरीदी उपार्जन केंद्र की स्थापना की जाए तो हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राम करहीगांव में उपार्जन केंद्र की स्वीकृति प्रदान की जाए, माकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके। इस दौरान दाऊ नेताम, मनिक राम नेताम, चंद्रशेखर, चैतूराम , ओमप्रकाश, गोविंद, लगरु ,राजेंद्र, दिनेश, बलदेव मौजूद थे।

## सड़क से लगी संपत्तियों पर विशेष फोकस

# गाइडलाइन से पहले उपबंध लागू, बढ़े जमीन के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन की रजिस्ट्री के लिए शासन ने नया उपबंध लागू किया है। इस उपबंध के लागू होने के बाद जमीन के दाम बढ़ गए हैं। उपबंध में सड़क से लगी सम्पत्तियों पर विशेष फोकस किया गया है। यही नहीं फ्लैट, डबलडेकर भवन, फ्लाईओव्हर में स्थित सम्पत्तियों के मूल्य निर्धारण के लिए नया निर्देश जारी किया गया है।

पांच साल में गाइडलाइन में जमीन की दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आज भी जिले में पांच साल पुरानी गाइडलाइन के आधार पर



जमीन की खरीदी- बिक्री की जा रही है। पंजीयन विभाग द्वारा नए सत्र के लिए गाइडलाइन तैयार की जा रही है। अभी इस गाइडलाइन के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद जिलास्तर और राज्यस्तर से स्वीकृति के बाद इसे लागू किया जाएगा। खास बात यह है कि इस गाइडलाइन के लागू होने से पहले ही शासन ने सम्पत्तियों के दाम बढ़ा दिए हैं। इसके लिए नया उपबंध जारी किया गया है। यह उपबंध 7 नवंबर से लागू हो गया है। इस नए उपबंध के अनुसार अब नगरीय क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से दोनों ओर 20 मीटर दूरी तक व ग्रामीण क्षेत्र में 50 मीटर दूरी तक स्थित जमीन के बाजार मूल्य की गणना मुख्य मार्ग मानकर की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस उपबंध में कृषि, परिवर्तित, नजूल, आबादी भूमि के भू-खण्डों के बाजार की गणना किस तरह की जाएगी, यह निर्धारित किया गया है।

### 15069 से ज्यादा जमीन की गणना एकड़ के हिसाब से

उपबंध में नगरीय क्षेत्र में छोटे भूखंड की परिभाषा बदली गई है। इसके अनुसार 0.140 हेक्टेयर यानी 15069 वर्गफीट जमीन के बाजार मूल्य की गणना उस क्षेत्र के लिए निर्धारित वर्गमीटर की दर के अनुसार की जाएगी। इससे बड़ी जमीन का मूल्यांकन उस क्षेत्र के लिए निर्धारित हेक्टेयर दर के अनुसार की जाएगी।

### सड़क की जमीन पर यह नियम

सड़क से संपत्ति की दूरी का निर्धारण सड़क के किनारों से किया जाएगा। यदि कोई पक्षकार 20 मीटर की दूरी से अधिक तक की भूमि क्रय करता है तब संपूर्ण भू-खण्ड को मुख्य सड़क से लगा हुआ मानकर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य मार्ग से दोनों ओर 50 मीटर की दूरी तक स्थित भूमि को सड़क से लगी मानकर उसके लिए निर्धारित दर अनुसार बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। कोई पक्षकार 50 मीटर की दूरी से अधिक गहराई तक की भूमि क्रय करता है तो संपूर्ण भूमि की मुख्य सड़क से लगा हुआ मानकर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी।

### ओव्हरब्रिज के नीचे 20 प्रतिशत की कमी

किसी सड़क पर फ्लाईओव्हर या ओव्हरब्रिज है तो इनके नीचे सड़क पर स्थिति सम्पत्ति के बाजार मूल्य का निर्धारण बाजार मूल्य में 20 प्रतिशत की कमी कर की जाएगी, लेकिन इससे पहले पंजीयन अधिकारी स्थल का निरीक्षण करेंगे। उद्योग, औद्योगिक इकाई, प्लांट, मिल, फैक्ट्री, पेट्रोलपंप आदि का मूल्यांकन पंजीयन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त वैल्युअर के आकलन के आधार पर या प्रतिफल जो अधिक है, उसे माना जाएगा।

# निर्माणी श्रमिक पंजीयन में भर्राशाही की शिकायत

- ठेकेदार संघ ने 18 माह में बने 24 हजार पंजीयन कार्ड की जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्रम विभाग द्वारा बनाए गए निर्माणी श्रमिक पंजीयन कार्ड में भर्राशाही की शिकायत हुई है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में राजमिस्त्री ठेकेदार श्रमिक संघ ने गत 18 माह में बनाए गए श्रमिक पंजीयन की जांच कर फर्जी पंजीयन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। संघ ने एकमाह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

श्रम मंत्रालय निर्माणी श्रमिकों को सभी प्रकार के लाभ एवं सुविधाएं प्रदान करने भवन सन्निर्माण, कर्मकार मंडल के तहत पंजीयन करता है जिसके तहत हितग्राहियों के बच्चों को छात्रवृत्ति, आवास सहायता, दुर्घटना बीमा, पेंशन, शिक्षा, मातृत्व लाभ, आर्थिक एवं सामाजिक सहायता योजनाओं का लाभ मिलता है। पूर्व में निर्माणी श्रमिक पंजीयन के लिए पंजीकृत ठेकेदार या श्रमिक संघ के प्रमाण-पत्र के माध्यम से हितग्राहियों का पंजीयन कार्ड बनता था, लेकिन पिछले 18 माह से पंजीयन कार्ड के लिए हितग्राही का भवन निर्माण से संबंधित कार्य करने के शपथ पत्र से पंजीयन हो रहा है जिसमें गैर निर्माण मजदूर के अलावा आमलोग भी बड़ी संख्या में निर्माणी श्रमिक होने का पंजीयन करा रहे हैं।



### न्यूनतम मजदूरी से वंचित हैं श्रमिक

राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार श्रमिक संघ ने अपंजीकृत पेटी ठेकेदारों का पंजीयन सुनिश्चित करने की मांग श्रम पदाधिकारी से की है। संघ ने कहा है कि जिले में बहुत से ऐसे ठेकेदार हैं जो न विभाग में पंजीकृत हैं न ही यूनियन में पंजीकृत हैं जिनके द्वारा श्रमिकों को शासन से तय न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती है। मजदूरों की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जाता है। गुमाश्ता नियमों का पालन नहीं किया जाता है। ऐसे ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई कर नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण कराकर शासन के न्यूनतम पारिश्रमिक दिलाने एवं जान माल की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। बताया गया है कि कुशल मजदूरी 580 रुपए, अर्धकुशल मजदूरी 520 तथा अकुशल मजदूरी दर 480 रुपये निर्धारित है।

सोमवार को राजमिस्त्री पेटी ठेकेदार श्रमिक संघ ने श्रम मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विगत 18 माह में करीब 24 हजार लोगों का भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल के तहत पंजीयन किया गया है जिसका बिना किसी जांच के पंजीयन किया गया है। इसमें 90 प्रतिशत अपात्र पंजीयन का लाभ उठा रहे हैं। संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों में कहा है कि 18 माह में जारी किए गए श्रम पंजीयन कार्ड की जांच कर अपात्र पंजीयन को निरस्त करने, श्रमिक संघ द्वारा जारी नियोजक प्रमाण पत्र को श्रमिक कार्ड के लिए अनिवार्य करने, आवास सहायता योजना के लाभार्थियों की जांच तथा कूटरचना कर योजना का लाभ लेने वालों और बिना जांच के पात्रता देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करने तथा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के लाभार्थियों की जांच करने की मांग की है। संघ ने एक माह के अंदर कार्रवाई नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मजदूर पेंटर संघ अध्यक्ष मनोज देवांगन, संतोष पटेल, बंशी साहू, रूपेश देवांगन, राजेंद्र साहू, लक्ष्मी साहू, खेमनलाल साहू, रवि, गोवर्धन साहू, तिलेश साहू, विकास, खोमन, वीरेंद्र, मोहन ध्रुव, बिशेषर साहू, दिनेश, महेंद्र, शंकरलाल, तिलक साहू, चंदू आदि मौजूद थे।

# नशामुक्ति का संदेश देने तुलसीराम साइकिल से नागपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर दी शुभकामनाएं

जिले के ग्राम पतेरापारा निवासी युवा तुलसीराम साहू ने समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा की शुरुआत की। वे धमतरी से नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और उनके जुझारू एवं प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने तुलसीराम से बातचीत करते हुए उनकी यात्रा संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सर्द मौसम को देखते हुए आवश्यक सामग्री, गर्म कपड़े आदि साथ रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपका यह प्रयास पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि तुलसीराम साहू इससे पूर्व भी साइकिल से छह राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब की यात्रा पूरी कर चुके हैं।

उन्होंने इस दौरान 32 दिनों में लगभग 5200 किलोमीटर का सफर तय किया था। यह यात्रा उन्होंने 6 अप्रैल 2025 (रामनवमी) के पावन अवसर पर मां विंध्यवासिनी मंदिर धमतरी से प्रारंभ की थी,



जिसका उद्देश्य था नशे के खिलाफ जन-जागृति।

तुलसीराम ने बताया कि इस अभियान की प्रेरणा उन्हें व्यक्तिगत अनुभवों से मिली। उनके छोटे भाई की मानसिक स्थिति नशे की लत के कारण बिगड़ गई थी, जिससे वे गहराई से प्रभावित हुए। बचपन में भी उन्होंने कई बच्चों को नशे की चपेट में आते देखा था। इन घटनाओं ने उन्हें नशा मुक्ति के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि नागपुर पहुंचने के बाद वे 16 नवम्बर को धमतरी के लिए वापस लौटेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पवन प्रेमी, उप संचालक डॉ. मनीषा पाण्डे सहित खेल विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# सहकारी कर्मचारी आज करेंगे उपपंजीयक कार्यालय का घेराव

- जिलाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश के बाद आंदोलन हुआ उग्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सहकारी कर्मचारियों के आंदोलन को दबाने के लिए संघ के जिलाध्यक्ष के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। इससे कर्मचारियों का आंदोलन और उग्र हो गया है। 12 नवंबर को वे जोरदार प्रदर्शन करते हुए पंजीयन कार्यालय का घेराव करेंगे।

सूखत, प्रबंधकीय अनुदान, संविदा कर्मचारियों को रेगुलर करने समेत अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी कर्मचारी संघ 3 नवंबर से आंदोलन पर हैं। इससे सभी 74 समितियों में तालाबंदी की स्थिति है। इससे धान खरीदी की तैयारी, एग्रीस्टेक पंजीयन, रबी ऋण वितरण, बीज



वितरण सहित अन्य कार्य बंद हो गए हैं। किसानों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति को देखते हुए शासन-प्रशासन अब कर्मचारियों के आंदोलन को हर हाल में तोड़ने की कोशिश में जुट गया है। इसी के तहत उपायुक्त सहकारिता ने आंदोलन की अगुवाई कर रहे धमतरी जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू के खिलाफ कुरूद थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए निर्देश दिए हैं। इस निर्देश की सूचना मिलते ही आंदोलनकारी सहकारी कर्मचारियों का आक्रोश और बढ़ गया। उन्होंने बताया कि शासन उनकी मांगों को पूरा करने की बजाय उनके आंदोलन का दमन करने की रणनीति तैयार कर रहा है। वे किसी भी हालत में पीछे हटने वाले नहीं है। शासन प्रशासन के इस निर्देश के खिलाफ वे 12 नंबवर को जोरदार प्रदर्शन करते हुए धमतरी उपायुक्त सहकारिता, उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय का घेराव करेंगे। इस घेराव में पूरे प्रदेशभर से सहकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

# यात्री वाहनों के सुरक्षा उपकरणों व आपातकालीन व्यवस्था की हुई जांच

- यात्रियों की सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

यातायात पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाकर यात्री वाहनों की बारीकी से जांच कर बस संचालकों को निर्देशित किया।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एसपी के निर्देशन एवं डीएसपी-ट्रैफिक व यातायात प्रभारी द्वारा शहर एवं







राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित यात्री बसों एवं अन्य सार्वजनिक वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी यात्री वाहनों में लगे सुरक्षा उपकरणों, प्राथमिक उपचार पेटी, अग्निशमन यंत्र तथा आपातकालीन द्वार की स्थिति की जांच की गई। वहीं बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बस में कम से कम दो अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखे। वाहन में पेट्रोल-डीजल, पटाखे, एलपीजी सिलेंडर जैसे ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन कदापि न करें। बसों में लगे आपातकालीन द्वार सदैव कार्यशील एवं खुली स्थिति में रखे तथा समय-समय पर उसकी जांच करते रहे।

संचालकों को बताया गया कि यात्री वाहनों में पैनिक बटन, सुरक्षा हथौड़ी एवं लोहे की रॉड जैसे उपकरण अवश्य रखें जिससे आपात स्थिति में इन उपकरणों की मदद से यात्रियों की सुरक्षा के लिए शीशे व खिड़की तोड़ी जा सके। यातायात पुलिस द्वारा चालकों एवं परिचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने, यातायात नियमों का सम्मान करने तथा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों एवं बस संचालकों को अपने वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से रखने तथा किसी भी आकस्मिक सस्थिति में डायल 100, 112 या 108 पर तत्काल सूचना देने की अपील की है।

# सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रही ई-केवाईसी

- अधिकांश महिलाओं की महतारी वंदन योजना की राशि अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य शासन की महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि दी जाती है, लेकिन हाल के दिनों में कई महिलाओं के खाते में राशि आना बंद हो गया है।

विभागीय जांच में पता चला कि अधिकांश लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अधूरी है। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में ई-केवाईसी का कार्य जारी है, लेकिन सर्वर बार-बार डाउन होने से महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। नवागांव वार्ड समेत कई स्थानों पर चिन्हांकित हितग्राहियों को बुलाया गया, पर सर्वर समस्या के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका और महिलाओं को लौटना पड़ा। च्वाइस सेंटर के संचालकों ने बताया कि यह सर्वर महिला एवं बाल विकास विभाग का है, जो कई दिनों से तकनीकी दिक्कत में है। लाभार्थी महिला शांति विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, राधादेवी, कुमारी बाई देवयानी ने विभाग से जल्द समाधान की मांग की है ताकि योजना की राशि नियमित रूप से उनके खातों में पहुंच सके।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी चाही गई लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। महिलाएं उम्मीद कर रही हैं कि विभाग जल्द कार्रवाई कर इस तकनीकी समस्या का समाधान करेगा।

## बासीखाई के ग्रामीणों ने पुल, सड़क बनाने के लिए आवेदन कलेक्टर को सौंपा

# जामबाहरा खार में तटबंध निर्माण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डोकाल पंचायत के आश्रित गांव बासीखाई के ग्रामीणों ने जामबाहरा खार में तटबंध निर्माण, मुढ़ाखार मार्ग में पुल निर्माण, कमारपारा में पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग कलेक्टर से की है।

कुकरेल तहसील अंतर्गत बासीखाई के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि जामबाहरा खार में पहाड़ी होने से बरसात के दिनों में भारी पानी उतरता है। यह पानी खेतों की मिट्टी तथा फसलों को बहाकर ले जाती



है और खेतों में रेत भर जाती है जिससे यहां के किसानों को आर्थिक क्षति होती है। फसल बर्बाद होने से किसानों में भारी निराशा है। जामबाहरा में तटबंध निर्माण कराने तथा इनलेट तथा आउटलेट एवं 1 किमी कच्ची नाली बनाने की मांग की है। इससे यहां की 100 एकड़ फसल को सिंचाई पानी उपलबध होगा। किसानों की फसलों को क्षति होने से बचाया जा सकता है।

ज्ञान सौंपने वालों में राजकुमार मरकाम, सुरेश, परसादीराम, कार्तिकराम, पुष्पाबाई, ईश्वर नेताम आदि मौजूद थे।

### मुढ़ाखार मार्ग में पुल निर्माण

ग्राम बासीखाई में मुढ़ाखार जाने के लिए पंचायत ने कच्ची सड़क का निर्माण कराया है। रास्ते में एक छोटा नाला पड़ता है और दूसरी तरफ बड़ा नाला है। मुढ़ाखार नदी-नालों से घिरा हुआ है। यहां 10 किसानों का खेत है। वर्षा के दिनों से दिसंबर माह तक नालों में 2 से 3 फीट पानी बहता रहता है। धान कटाई के दौरान भारा बीड़ा लाने में 3 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे किसानों को भारी भरकम मजदूरी देनी पड़ती है। ग्रामीणों ने छोटे नाला में पुल निर्माण कराने की मांग की है। इसके अलावा बासीखाई स्थित कमारपारा जाने का मार्ग बहुत खराब है। बारिश में यह मार्ग और दयनीय हो जाती है। ग्रामीणों ने कमारपारा मार्ग को पक्का बनाने की मांग की है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### बस्तर की जनता जाग चुकी, हम बस्तर की रक्षा करेंगे : जोगी

**जगदलपुर।** बस्तर में हो रही हिंसा कोई संयोग नहीं बल्कि एक सुनियोजित साजिश है। 2 से 9 नवंबर के बीच हुए 12 हमले इस बात का सबूत हैं कि किसी के व्यापारिक हितों को पूरा करने के लिए भाजपा तनाव फैला रही है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की मांगों में हिंसा पर तत्काल रोक, संविधान के अनुच्छेद 25 का पूर्ण क्रियान्वयन, खनिज संसाधनों पर स्थानीय नियंत्रण, रोजगार में 100 फीसदी स्थानीय आरक्षण एवं सभी कंपनियों के डीएमएफ फंड की ऑडिट आदि शामिल हैं। बस्तर की जनता जाग चुकी है। हम फूट डालो की रणनीति को विफल करेंगे। हम एक रहेंगे, हम नहीं बटेंगे और हम बस्तर की रक्षा करेंगे। यह बातें जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अडानी-भाजपा गठजोड़ के खिलाफ आंदोलन करेंगे। अब यही कंपनी बस्तर के संसाधनों को लूटना चाहती है। जोगी ने कहा कि बस्तर की जनता की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। पत्रवार्ता में जिला अध्यक्ष नवनीत चांद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किसान के घर- गोदाम में छापा मारा, 100 बोरा धान अवैध जब्त



**जगदलपुर।** मंडी की टीम ने बस्तर जिले के ग्राम नियानार के एक किसान घर के गोदाम में छापा मार कर 100 बोरा अवैध धान जब्त किया। इस पर मंडी अधिनियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर जगदलपुर के कृषि उपज मंडी के सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम ने ग्राम नियानार निवासी वासुदेव नाग के घर के गोदाम का तलाशी की। इसमें 100 बोरा धान मिला, जिसका मंडी का लायसेंस नहीं मिला, जिससे उक्त धान को जप्त किया गया और मंडी के नियमानुसार कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर सचिव ने मंगलवार को शहर के चांदनी चौक में पिकअप पकड़ा, जिसमें 50 बोरा मक्का मिला, जिसपर कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस पिकअप में लदे मक्का को कोल्ड स्टोरेज भेजा जा रहा था, लेकिन उसका दस्तावेज नहीं मिला। सचिव ने बताया कि उपजों की जांच की जा रही है।

## निधन

### पार्वती ध्रुव



**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के प्रचार-प्रसार अधिकारी डुमनलाल ध्रुव की मां श्रीमती पार्वती ध्रुव 84 वर्ष का 10 नवम्बर की शाम जिला अस्पताल धमतरी में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि 11 नवम्बर को निवास स्थान मुजगहन के मुक्तिधाम में हुई। अंतिम संस्कार में समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### लक्ष्मी दीवान



**धमतरी।** श्रीमती लक्ष्मी दीवान पति प्रहलादधर दीवान उम्र 71 वर्ष का देहावसान हो गया। वे नीरज दीवान की मां और जिला ब्राम्हण समाज के मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा की बड़ी बहन थीं। अंतिम यात्रा 12 नवम्बर बुधवार को उनके रिसाईपारा (कोडूमल धर्मशाला के पास) निवास स्थान से सुबह 10 बजे निकलेगी।

---

नवागांव निवासी देवसिंह का देहदान, परिवार ने उनकी अंतिम इच्छा का किया सम्मान

# जीवनभर कर्मयोगी बनकर देश सेवा की मरणोपरांत भी बने मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

एक कर्मयोगी के रूप में जिन्होंने अपना पूरा जीवन शासकीय सेवा में समर्पित किया, मरणोपरांत भी मानवता की सेवा की मिसाल बन गए। कुरुद के नवागांव निवासी देवसिंह सोनबेर का पार्थिव शरीर शिक्षा एवं अनुसंधान के उद्देश्य से पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज रायपुर को सोनबेर के परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए सौंप दिया है।

गौरतलब है कि अपने पूरे जीवनकाल में स्व. देवसिंह सोनबेर शरीर के महत्व और चिकित्सा शिक्षा में उसकी आवश्यकता को भली-भांति समझते थे। यही कारण था कि उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद भी शरीर को चिकित्सीय अनुसंधान और शिक्षा के लिए समर्पित करने की इच्छा व्यक्त की थी। उनकी इस महान इच्छा का सम्मान करते हुए सोनबेर परिवार ने उनका देहदान किया, जिससे भावी चिकित्सकों को प्रशिक्षण और शोध में अमूल्य सहयोग मिलेगा। यह प्रेरणादायी कदम समाज में देहदान के महत्व को नई दिशा देता है। मरणोपरांत उनके इस अमूल्य योगदान के लिए पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी अर्थात शरीर रचना विज्ञान विभाग द्वारा उनके परिवार को देहदान का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।



### चिकित्सा शिक्षा में अमर हुए देवसिंह सोनबेर



सेवा, सादगी और सत्यनिष्ठा को अपना जीवन-मूल्य बनाने वाले नवागांव (कुरुद) निवासी देवसिंह सोनबेर (4 दिसंबर 1943–6 नवंबर 2025) ने 81 वर्ष की आयु में इस संसार को अलविदा कहा। उनका जीवन जितना कर्तव्यनिष्ठ रहा, उनकी विदाई उतनी ही प्रेरणादायक और असाधारण साबित हुई। जीवनभर कर्मयोगी रहे श्री सोनबेर ने देहांत के उपरांत अपनी देह का दान मेडिकल कॉलेज रायपुर को कर दिया, जिससे वह मृत्यु के बाद भी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान के दीप जलाते रहेंगे। अब उनकी देह मेडिकल कॉलेज रायपुर के छात्रों के लिए एक खुली किताब होगी।

### जीवन अनुशासित और समर्पित रहा

स्व. श्रीमती जेठीबाई साहू एवं स्व.शिवप्रसाद साहू के उच्च संस्कारों में पले देवसिंह सोनबेर ने अपनी स्नातक शिक्षा पूरी करने के बाद राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने अपनी युवावस्था में भारतीय सेना में मिलेट्री वारंट ऑफिसर के रूप में कठोर अनुशासन का पालन करते हुए देश की सेवा की। सेना से निवृत्ति के बाद उन्होंने भारतीय डाक विभाग में अपनी सेवाएं दीं, जहां वे डाक निरीक्षक व पोस्ट मास्टर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। अपनी हर भूमिका में वे अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतिमान बने रहे, जिन्होंने लाखों लोगों को प्रेरित किया।

### संत स्वभाव और आध्यात्मिक लगाव के रहे

कर्म से अधिकारी होते हुए भी उनका स्वभाव संतों जैसा था। आध्यात्मिक रूप से वे सद्गुरु स्व. अभिलाष साहेब और कबीर पारख संस्थान प्रयागराज से प्रेरित थे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी माउंट आबू से भी उनका भावनात्मक लगाव जीवनभर बना रहा। उनका अध्यात्म किसी पर थोपना नहीं था, बल्कि अपने शांत, संयमित और सत्यनिष्ठ कर्मों से लोगों को सही जीवन जीना सिखाना था। स्व. देवसिंह सोनबेर अपने पीछे एक भरा-पूरा और समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं जिसमें पुत्र मुरलीधर, देवेन्द्र दास (संत), धनेश्वर सहित नाती-पोते शामिल हैं। उनकी अंतिम विदाई में कबीर आश्रम से पहुंचे संतों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मरकर भी जो समाज को सिखा जाते हैं वहीं सच्चा महापुरुष होते है।

---

# वंदेमातरम गीत के 150 साल पूरे होने पर नपा में हुआ सामूहिक गायन



- यह गीत एकता, त्याग और भक्ति की भावना को दर्शाता है : ज्योति चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को नगर पालिका सभाकक्ष कुरुद में सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने बताया कि वंदेमातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है। इसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा था। माना जाता है कि यह गीत 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन रचा गया था।

श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध किया। इसके बाद यह गीत भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान का प्रतीक बन गया। यह गीत एकता, त्याग और भक्ति की भावना को दर्शाता है। इसके गायन से गायक और श्रोता दोनों में जोश भर जाते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने युवाओं को प्रेरित किया। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में यह गीत शक्ति का स्रोत बना। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, इंजीनियर सिन्हा, साहू, पार्षदगण मनीष साहू, उत्तम साहू, मिथिलेश बैस, रजत चन्द्राकर, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, रजत चंद्राकर, मंजु साहू, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

---

जीजामगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन

# ध्रुव चरित्र और सती चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

जीजामगांव में मलघाटी परिवार संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 नवंबर तक किया गया है। कथावाचक पं. संतोष मिश्रा तर्री नवापारा राजिम हैं। परायणकर्ता देवेंद्र दुबे महाराज हैं। कथा दोपहर 1 से प्रारंभ हो रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक ने ध्रुव चरित्र और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। बताया कि ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले, वहां कदापि नहीं जाना चाहिए।





ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। वह अपने पुत्रों को गोविंद का भजन करने का उपदेश देकर तपस्या करने वन चले गए। भरत को हिरनी के बच्चे से अत्यंत मोह हो गया। नतीजे में उन्हें मृग योनि में जन्म लेना पड़ा। कथा श्रवण के लिए आसपास के तमाम भक्त मौजूद रहे।

आयोजन को सफल बनाने में नूतन, प्रभुराम साहू, हेमलता, साधना, प्रदीप कुमार, युगमणि, हिमांशु साहू, गुलशन साहू, विनय कुमार, त्रिवेणी, गोपाल, पूर्णिमा, देवराज, लता, आनंद, तीजबती, तीरथ, योगेश्वरी, तोषण, तारिणी, मोहित, विभा, पुनेश्वर, लीना, ललित, निशा तोरण, तरुणा साहू, देवकी साहू, रेवती राम्हू, गोदावरी, गोपाल, ओमलता, मोनेश देव, तरूणा भूपेंद्र सहित साहू अन्य जुटे हुए हैं।

---

## परसवानी स्कूल में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम परसवानी (दहदहा) निवासी मनोहरसिंह ध्रुव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न तीर्थ, दैवीय स्थलों की यात्रा साइकिल से की। पश्चात ग्रामीणों को प्रसादी भोज कराया। उन्होंने स्वयं पं. जवाहरलाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अपना देहदान का संकल्प पूरा किया। प्राथमिक शाला के स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया। छात्र छात्राओं को बड़ा, पूड़ी, खीर, चौसेला परोसा गया। बच्चे न्योता भोज पाकर प्रसन्न नजर आए। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने मनोहरसिंह ध्रुव का शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। मौके पर प्रधानपाठक समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

## प्राशा गोजी के बच्चों को मिली टीशर्ट-पैंट



**सिर्री।** भारतीय मानव अधिकार परिषद के संयुक्त सचिव संजु कुमार सार्वा ने शासकीय प्राथमिक शाला गोजी के बच्चों को टी शर्ट और पैंट भेंट की। सरपंच जयमित्र साहू, पंचगण, ग्रामवासी, शिक्षकों ने उनका आभार व्यक्त किया।

---

# विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का लिया संकल्प

- संविधान निर्माण में लौहपुरूष की ऐतिहासिक भूमिका रही : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर महाविद्यालय में प्राचार्य डा विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं जिला संगठक निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में देशभक्ति, एकता और संवैधानिक जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करने विविध गतिविधियां प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों और पोस्टरों के माध्यम से सरदार पटेल के नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और भारत के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रस्तुत किया।

लॉ विभाग के प्रोफेसर डॉ. कोमल यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने संविधान सभा में अपने अनुभव, व्यवहारिक दृष्टिकोण और संगठन क्षमता के माध्यम से कई महत्वपूर्ण समितियों का नेतृत्व किया। उन्होंने राज्यों के एकीकरण, अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्र-राज्य संबंधों से संबंधित समितियों में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पटेल की दूरदृष्टि ने भारत को एक सशक्त प्रशासनिक ढांचा दिया।





इस दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, पोस्टर, बैनर एवं प्रॉप निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके निर्णायक डा. आकांक्षा मिश्रा सहा. प्राध्यापक, श्रीमती निशा तिवारी सहा. प्रा. एवं दिनेश्वर सलाम सहा. प्रा. रहे। निबंध लेखन में प्रथम संकेत, द्वितीय जयेश जैसवाल एवं तृतीय रुद्राणी रहे। वाद विवाद में प्रथम पक्ष में कुंती साहू एवं विपक्ष में उपेन्द्र, द्वितीय स्थान पक्ष में साहिला परवीन एवं विपक्ष में संदीप। पोस्टर निर्माण में प्रथम बुशरा परवीन, द्वितीय अंजलि साहू एवं तृतीय कुणाल बंजारे रहे। बैनर निर्माण में प्रथम महिमा मसीह एवं प्रॉप निर्माण में प्रथम गौरा पाण्डे रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम एवं आभार व्यक्त भीखमचंद साहू ने किया। विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया

---

# अटंग में सीसीरोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



- 5 .20 लाख की राशि से 200 मीटर बनेगा सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग में 9 नवंबर को विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। 5 लाख 20 हजार की लागत से यह सीसी रोड अमृतपुर के श्मशान घाट रास्ते में 200 मीटर तक बनाया जायेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य ने निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

मौके पर सरपंच गायत्री चेलक, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक, ग्रामीण अध्यक्ष भागवतराम साहू, पंचगण भगवंतीन साहू, सियाराम पटेल, बीरसिंग साहू, दिलीप साहू, रुद्रनाथ साहू, फ़त्तेलाल तारक, शिवकुमार चेलक, हेदनाथ निर्मलकर, गोवर्धन ध्रुव, हीरासिंग चंद्राकर, दिगेंद्र तारक, पंचायत सेवक केजूराम साहू सहित अन्य शामिल हुए।

---

सिर्री में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आयोजित

# रासेयो छात्रों ने स्वास्थ्य केंद्र और चौक-चौराहों की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर 16 नवंबर तक आयोजित है। एनएसएस छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण 50 की संख्या में पहुंचे हैं। 10 नवंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच देशांत सिन्हा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस दौरान बंशीलाल पटेल अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति जीजामगांव सहित गांव के पंचगण और अन्य ग्रामीणज शामिल रहे।

द्वितीय दिवस में शिविरार्थियों द्वारा प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात सुबह 9 से 12 बजे तक परियोजना कार्य अंतर्गत सिर्री के बाजार चौक, चौराहों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की सफाई की गई। बाजार चौक में दोपहर 3 बजे आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी अरविंद कश्यप उपस्थित हुए। उन्होंने छात्रों, ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से अवगत कराया साथ ही उनके बचाव के उपाय संबंधी जानकारी भी साझा किए। कार्यक्रम में 45 छात्र एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीराज साहू एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पा दर्रो ने किया। 12 नवंबर को नशा मुक्ति पर व्याख्यान कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि बिरेझर चौकी प्रभारी अजय सिंह होंगे।






13 नवंबर को भारत में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री के पूर्व प्राचार्य सरोज कुमार साहू एवं रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता जरूरी टिप्स देंगे। 14 नवंबर को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जायेगी। 15 नवंबर को संध्या 6 बजे से एनएसएस छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी। 16 नवंबर को सात दिवसीय शिविर का समापन होगा।

---

# रंगोली स्पर्धा में प्रेरणा चित्रकला में भीषम अव्वल



- छग राज्य की रजत जयंती पर नारी आईटीआई में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारी में प्राचार्य जयंत साहू के मार्गदर्शन में रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चित्रकला में प्रथम भीषम निषाद, द्वितीय कुष्मिता तथा रंगोली में प्रथम प्रेरणा, द्वितीय तराना रहे।

इस दौरान प्रशिक्षण अधिकारी निखिलेश नामदेव, हीरालाल चंद्राकर, यशवंत निषाद, लक्ष्मी गोड़, सुनीता ध्रुव, मनीष निषाद सहित प्रशिक्षणार्थी एवं स्टाफ शामिल रहे। प्राचार्य ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मॉडल प्रदर्शन तथा भाषण स्पर्धा शामिल है।

**खबर संक्षेप**



## नगर कोतवाल बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव आज

**धमतरी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के कोतवाल बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव बुधवार 12 नवंबर को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन स्थल बाबा काल भैरव मंदिर, इतवारी बाजार में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7.30 बजे बाबा काल भैरव के अभिषेक, पूजन और श्रृंगार दर्शन के साथ होगी। दोपहर में महाभंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। संध्या 6 बजे बाबा की महाआरती संपन्न होगी, जिसमें नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहने की संभावना है। इस आयोजन की व्यवस्था श्री रामचंद्र मंदिर न्यास एवं बाबा काल भैरव भक्त मंडल, धमतरी द्वारा की जा रही है। समिति ने नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर पहुंचकर बाबा के दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।

## कार्ड के निर्माण में तेजी लाने प्रयास किए जाने पर दिया जोर



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल और तोकापाल का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल का औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी में चल रहे सेक्टर डॉक्टर और सेक्टर सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक में बीएमओ डॉ. प्रदीप बघेल के साथ बैठक को संबोधित करते हुए सीएमएचओ ने सीएचसी के सभी आम में आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड के निर्माण में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने पर बल दिया। इसी तरह क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम का फॉलोअप और ऑनलाइन एंट्री में तेजी लाने के बारे में उपस्थित सभी सेक्टर सुपरवाइजर और सेक्टर डॉक्टर को निर्देश दिए गए। कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए काम में आ रही बाधा को दूर करने के लिए आगामी दिनों में हो रही भर्ती में से प्राथमिकता के तौर पर कर्मचारियों को बड़े किलेपाल में पदस्थापना देने का आश्वासन दिया गया।

### ग्राम विकास समिति ने सरपंच, सचिव पर लगाया मिलीभगत का आरोप

# भारतमाला सड़क निर्माण कंपनी ने मेंडरका में बिना अनुमति खोद डाली 30 गुना अधिक सरकारी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंडरका में अवैध मिट्टी-मुरूम खनन का मामला सामने आया है। ग्राम विकास समिति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम में बिना अनुमति के भारी मात्रा में मिट्टी-मुरूम की खुदाई की गई है। विभागीय स्वीकृति मात्र 5,000 घन मीटर की थी, जबकि वास्तविक खनन इससे कई गुना अधिक हुआ।

ग्रामीणों ने सूचना के अधिकार के तहत जुटाई जानकारी का हवाला देकर बताया कि भारतमाला सड़क निर्माण से जुड़ी कम्पनी ने राजीव गांधी तालाब खुदाई में 1,41,477 घन मीटर, राजीव गांधी तालाब मेंडरका खुदाई में 1,809 घन मीटर, चारागाह में 5,284 घन मीटर और गोठान डबरी में 12,450 घन मीटर मिट्टी-मुरूम की खुदाई की। कुल मिलाकर 1,61,020 घन मीटर खनन का अनुमान लगाया गया है। यह समस्त खुदाई बिना किसी अतिरिक्त अनुमति के की गई थी।

ग्रामीण रामाधार साहू, हिरामन जोशी, करण सारथी, जीवनलाल, मिश्री लाल, ओंकार सिन्हा आदि ने वर्तमान सरपंच व सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में कहीं न कहीं इनकी भी मिलीभगत है तभी इन्होंने अतिरिक्त खुदाई होने के बाद भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और न ही किसी प्रकार से जांच करवाई। ग्राम विकास समिति ने एसडीएम कुरुद, कलेक्टर से शिकायत कर इस अवैध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

**जांच के लिए तैयार हैं**

मुझ पर लगाए गये सभी आरोप बेबुनियाद व दुर्भावना से ग्रसित है। भारतमाला सड़क निर्माण कंपनी से न तो मेरी और न ही पंचायत की कोई मिलीभगत है बल्कि शिकायतकर्ताओं ने गांव की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है। इनके द्वारा शासकीय कार्रवाई से बचने मामले को दूसरी ओर मोड़ने का प्रयास किया गया है। शासन की गाइडलाइन अनुसार मिट्टी-मुरुम की खुदाई हुई है। हमारी पंचायत हर प्रकार की जांच के लिए तैयार है।

**- नेमिन गणेश सिन्हा**, *सरपंच मेंडरका*

## कन्या शाला में मनाई गई राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय कन्या उमा विद्यालय कुरूद में भारत मां की वंदना एवं स्वंतत्रता संग्राम के अमर गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूमान सिंह कुर्रे जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता श्रीमती शकुन्तला रूपचंद देवांगन सभापति जपं कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिलीप चक्रधरी, पूर्व पार्षद श्रीमती भारती पंचायन, पूर्व पार्षद गोरख देवांगन एवं शाला समिति की सदस्य श्रीमती भूमिका सिन्हा थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वन्दे मातरम के इतिहास, महत्व एवं रचना काल पर भाषण, कविता, रंगोली एवं चित्रकारी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों के प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारे सम्मान, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद एवं खंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, खंड सरोत समन्वयक केंद्र अधिकारी, प्राचार्य व स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान : तिवारी



- सिलघट में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सात दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिलघट में 4 नवंबर से किया गया था। शिविर के समापन समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद थे। अध्यक्षता प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे ने की। विशिष्ट अतिथि कृष्णा चेतन सोनकर सरपंच, जीवनलाल सिन्हा उपसरपंच, रवि सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति, संतोष कुमार यादव अध्यक्ष सहकारी समिति रामपुर, समीर तिवारी थाना प्रभारी भखारा थे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम सिलघट में किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। थाना प्रभारी समीर तिवारी ने स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की बात कही। युवाओं को स्वच्छ, स्वस्थ और अपराध मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनकर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा एवं आभार व्यक्त हरिश्चंद्र पटेल सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

## घुरावड़ में अधूरा बाजार शेड, धूप-बारिश में तिरपाल डालकर व्यवसाय करने मजबूर व्यापारी

- तीन साल से ठप पड़ा निर्माण कार्य, सरियों पर लगा जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत घुरावड़ में साप्ताहिक बाजार स्थल पर बनाया जा रहा बाजार शेड पिछले 3 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। आसपास के कई गांवों के व्यापारी यहां आकर व्यापार करते हैं, लेकिन अधूरे निर्माण के कारण उन्हें खुले आसमान के नीचे तेज धूप, बारिश और ठंड में तिरपाल डालकर दुकानें लगानी पड़ रही हैं।

स्थानीय व्यापारी रामप्रसाद नेताम, धरमलाल मरकाम, शिवकुमार, दयाबती नेताम और दुलारी बाई ने बताया कि अधूरे निर्माण के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं अधूरे शेड में लगे सरिए जंग खा रहे हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सरपंच महेश नेताम ने बताया कि बाजार में कुल 12 शेड बनाए जाने का प्रस्ताव था, परंतु शासन परिवर्तन के बाद अनुदान राशि जारी नहीं हो पाई, जिसके चलते कार्य अधूरा रह गया। सरपंच ने बताया कि यह योजना पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी। जिला पंचायत से 62 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके अंतर्गत 12 शेड बनाए जाने थे। इनमें से 3 शेड पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 9 शेडों का कार्य अभी अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बाजार शेड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि व्यापारियों को सुविधाजनक वातावरण मिल सके और बाजार क्षेत्र का विकास हो सके।

## अग्निवीर और प्रादेशिक सेना भर्ती की तैयारी में जुटे युवा

- इंडोर स्टेडियम में युवाओं को दिया जा रहा सेना भर्ती का नि :शुल्क प्रशिक्षण
- 15 नवम्बर से नया रायपुर में प्रादेशिक सेना व 7 जनवरी से धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली

**धमतरी।** युवाओं के लिए रोजगार एवं सेवा के नए अवसर खोलते हुए जिला प्रशासन द्वारा आगामी सेना भर्ती रैलियों की तैयारी को लेकर विशेष पहल की जा रही है। राज्य सरकार एवं प्रशासनिक तंत्र के समन्वय से जिले के नवयुवकों को प्रादेशिक सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी 15 नवम्बर से नया रायपुर में प्रादेशिक सेना भर्ती रैली तथा 7 जनवरी से धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इन दोनों भर्ती आयोजन में जिले के युवाओं को रोजगार, अनुशासन और राष्ट्र सेवा का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन धमतरी द्वारा प्रत्येक सुबह इंडोर स्टेडियम धमतरी में शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षित कोचों एवं खेल अधिकारियों की देखरेख में युवाओं को दौड़, लंबी कूद, पुश अप्स सहित सेना भर्ती से संबंधित शारीरिक दक्षता अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह पहल युवाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन की भावना को बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं से अपील की है कि वे इस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी तैयारी को मजबूत करें और आगामी भर्ती रैलियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित करें। प्रशासन का यह प्रयास युवाओं को आत्मनिर्भर और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरने लगे भारी वाहन, छोटे व्यापारी खतरे के साये में

**बाईपास मार्ग पर दिशा संकेत बोर्ड नहीं, विद्यार्थियों व नागरिकों को दुर्घटना का भय**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के मुख्य मार्गों पर इन दिनों भारी वाहनों की आवाजाही तेजी से बढ़ गई है। नगर के व्यस्ततम चौक व बाजार क्षेत्र से होकर गुजर रहे ट्रक और बड़े वाहन आमजन के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। मुख्य सड़क के किनारे छोटे-छोटे व्यापारी दुकान लगाते हैं, जिनकी दुकानें अब लगातार खतरे के साये में हैं।

धमतरी-नगरी मुख्य स्टेट हाईवे से होकर गुजरने वाले वाहनों के लिए लाखों रुपये की लागत से हरदीभाठा-देवपुर मार्ग तक बाईपास सड़क का निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद दिशा संकेत बोर्ड नहीं लगाए जाने के कारण अधिकांश भारी वाहन चालक सही मार्ग न पहचान पाने से सीधे नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं।

वहीं दूसरी ओर ओडिशा मार्ग, कोंडागांव से आने-जाने वाले भारी वाहनों के लिए देवपुर–बिरनपुर मार्ग पर भी दिशा संकेत बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, जिसके कारण भारी वाहन चालक सीधे नगर के भीड़ वाली जगहों पर प्रवेश कर जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दिशा संकेत बोर्ड के अभाव में ट्रक और अन्य भारी वाहन नगर की गलियों में तेज रफ्तार से निकलते हैं, जिससे लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। व्यापारी धूल और शोर प्रदूषण से परेशान हैं, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बढ़ती जा रही है।

नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि नगर के प्रमुख मार्गों और द्वारों पर दिशा संकेत बोर्ड तत्काल लगाए जाएं, ताकि भारी वाहनों का प्रवेश नगर सीमा के भीतर प्रतिबंधित हो सके और किसी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

## सटीक मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की नींव है



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर के तहत बूथ लेवल एजेंट की कार्यशाला ग्राम रुद्री के कबीर सत्संग भवन में हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा तथा सहवक्ता उमेश साहू ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक BLA-2 का दायित्व है कि वह पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़े तथा अपात्र नामों को हटाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

मुख्य वक्ता इंदरचंद चोपड़ा ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने फॉर्म-6, 7, 8 और 8A के सही उपयोग, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दोहराव हटाने और स्थानांतरण मामलों के नवीनीकरण पर विस्तार से चर्चा की।

उमेश साहू ने मैदानी स्तर पर आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए बीएलओ को घर-घर सत्यापन, दस्तावेज जांच, विशेष शिविर संचालन और मोबाइल ऐप के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सटीक मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की नींव है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा नरेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह कृदत्त, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव, महामंत्री चंद्रहास समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिससे कार्यक्रम देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।

## आमापारा में भागवत कथा शुरू पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा

**कथा ज्ञान, वैराग्य और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है : पलक**





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आमापारा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सोमवार से श्रीमद भागवत कथा शुरू हुई। सोमवार को कथावाचिका पलक दुबे की अगुवाई में मां मालिका मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। शुरू में भागवत महात्म्य की कथा पर प्रकाश डाला गया।

शोभायात्रा मां कालिका मंदिर से निकलकर बनियातालाब पार का भ्रमण करते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यहां से कथा स्थल पंडाल में जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। पहले दिन कथा वाचिका पलक दुबे ने भागवत महात्म्य की कथा सुनाते हुए कहा कि भागवत महात्म्य की मुख्य कथा राजा परीक्षित से संबंधित है, जिन्हें तक्षक नाग द्वारा डसे जाने के बाद सात दिनों का शाप मिला था। इस शाप के भय को दूर करने के लिए उन्होंने अपने गुरु सुखदेव से श्रीमद भागवत कथा सुनाई। इसमें उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति का वर्णन किया। यह कथा न केवल पाप-पुंज का नाश करती है, बल्कि



ज्ञान, वैराग्य और मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त करती है। दूसरे दिन कथा वाचिका पलक दुबे ने गौकरण, वराह अवतार और ज्ञान-भक्ति-वैराग्य की कथा सुनाई। कहा कि वराह अवतार भगवान विष्णु का तीसरा अवतार है, जो पृथ्वी को हिरण्याक्ष नामक राक्षस से बचाने के लिए लिया गया था। गौकरण चरित्र एक अलग पौराणिक कथा है, जिसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसने अपने आवाज के माध्यम से अपनी आवाज को इंद्रियों के साथ नियंत्रित किया और स्वयं को वराह की तरह बनाया।

गौकरण, वराह अवतार, ज्ञान, भक्ति, वैराग्य की कथाएं अलग-अलग हैं। भागवत कथा में गौकरण के माध्यम से भक्ति और वैराग्य की कथा सुनाई गई है, जिसमें ज्ञान का समावेश है। कथा सुनने अर्जुन नाग, प्रभा नाग, यशवंत सिन्हा, त्रिभुवन सिन्हा, रूपनारायण नाग, ज्ञानेश्वर ध्रुव, मुन्ना पटेल, उमेश नाग, हरि धीवर, जय गिदवानी, मनोज धीवर, धन्नु पटेल, राजकुमार धीवर, शैलेन्द्र कुमार, रेखा नाग, अहिल्या बाई समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पॉलीथिन, डिस्पोजल, पानी की बोतल के बढ़ते उपयोग पर जताई चिंता

**सामाजिक कार्यकर्ता ने नागरिकों से पॉलीथिन मुक्त शहर बनाने का किया आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सामाजिक कार्यकर्ता शिवा प्रधान ने पॉलीथिन, डिस्पोजेबल ग्लास, पानी की बोतल और अन्य प्लास्टिक कचरे के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए शहर में पॉलीथिन मुक्त अभियान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहर की नालियों में कचरा फेंकने और जाम की समस्या को रोकने के लिए नगर निगम एवं प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे।

शिवा प्रधान ने बताया कि कई सामाजिक कार्यकर्ता ने पहले भी पॉलीथिन मुक्त शहर बनाने के प्रयास किए, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। उनका कहना है कि केवल नगर निगम की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। शासन और प्रशासन के दिशा-निर्देशों के बिना यह चुनौती पूरी तरह हल नहीं हो सकती।

उन्होंने आगे कहा कि महापौर ने इस दिशा में जल्द कार्रवाई के लिए प्रस्ताव दिए हैं और आयुक्त भी इस पर ठोस निर्णय लेकर कार्यवाही करेंगी। यदि इसका पालन शुरू हुआ तो धीरे-धीरे लोग पॉलीथन और डिस्पोजेबल वस्तुओं का इस्तेमाल कम करेंगे और ऑटोमेटिक कंपनियां भी इसका उत्पादन घटा देंगी।

शिवा प्रधान ने आगाह किया कि पॉलीथिन का अत्यधिक उपयोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने स्तर पर भी पॉलीथिन मुक्त विकल्प अपनाएं और स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें।

विशेषज्ञों के अनुसार, पॉलीथिन और डिस्पोजेबल कचरे पर नियंत्रण न केवल शहर की सफाई के लिए जरूरी है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 400 मीटर दौड़ में डुलेश्वरी ने सिल्वर मेडल जीता



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री में अध्यनरत कक्षा 12वीं की छात्रा डुलेश्वरी सोन ने विद्या भारती द्वारा पीठमहासन बैंगलुर कनार्टक में आयोजित अंडर 19 वर्ग में 400 मीटर अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तर की एथेलिटिक्स प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल, रिलेरेस में कांस्य मेडल हासिल किया है। इनके आगमन पर बाजे-गाजे के साथ विद्यालय में स्वागत किया गया।रूद्रेश्वर बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक अनुसुइया सिन्हा, सहसचिव सुनील कुमार शर्मा अध्यक्ष यादराम साहू, प्रभारी प्रचार्य संतोष कुमार साहू, खेल प्रभारी प्रेमलाल निषाद एवं नविता सेन, भुजबल यादव, परमेश्वर साहू, मोहन साहू, शरद यादव, अंजु साहू, प्रिया यादव, मीनाक्षी निषाद, नीलू सोनबेर, दुर्गा निषाद, दिनेश्वरी साह ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अंडर-14 धमतरी की टीम के तीन खिलाड़ियों का सीएससीएस प्ले इलेवन में चयन

**धमतरी।** धमतरी जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम के कप्तान प्रिंस कुमार शर्मा सहित पीयूष जैन एवं कृष चंदन का चयन सीएससीएस प्ले इलेवन में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। ज्ञात हो कि पहली बार अंडर-14 धमतरी की टीम के तीन खिलाड़ियों का चयन प्ले इलेवन में हुआ है। प्ले ग्रुप के तीन मैच में पीयूष जैन ने 12 विकेट, कृष चंदन ने 7 विकेट एवं प्रिंस कुमार ने ऑल राउण्डर की भूमिका निभाते हुये 10 विकेट लिए और सेमीफाइनल मैच में कप्तानी पारी खेलते हुए शानदार 48 रन बनाये । धमतरी की तरफ़ से शानदार गेंदबाज़ी करते हुए पीयूष जैन ने प्ले ग्रुप में सर्वाधिक 12 विकेट लिए । इतने विकेट प्ले ग्रुप में शामिल 12 टीम के किसी भी गेंदबाज ने नहीं लिए हैं। धमतरी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शरद रणसिंह व सचिव अजय बाबर ने अंडर-14 टीम की इस उपलब्धि का पूर्ण श्रेय सकुश गुप्ता के प्रबंधन एवं कोच श्रीमति अनुप्रिया शर्मा को दिया है।

### 395 पशुओं का टीकाकरण, 75 गौ पालकों को निःशुल्क दवा दी गई

**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्राम सिलघट में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिलघट के गौसेवक एवं कृषकों को पशुधन उपचार एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। ग्राम के पशुधन का टीकाकरण किया गया एवं पशुधन विकास पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर के माध्यम 395 पशुओं का टीकाकरण किया गया । 38 पशुओं का उपचार, 75 गौपालकों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। दो पशुधन का गर्भ परीक्षण एवं एक पशुधन का बांझपन उपचार किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में डॉ पीयूष दुबे सर्जन, डॉ. एसआर साहू, डॉ.जितेंद्र साहू, डॉ. सतीश यादव, डॉ. चंद्रशेखर निर्मलकर, डॉ.जगन्नाथ यादव, डॉ. अंजना साहू, कुंती कश्यप, प्रीति ध्रुव ने सेवाएं दी।

## आकर्षक ऊनी वस्त्रों के साथ शहर में लुधियाना और उत्तरप्रदेश से पहुंचे व्यापारी

# ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवंबर की शुरुआत के साथ ही मौसम ने रुख बदल लिया है। सुबह और शाम की ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का अहसास कराना शुरू कर दिया है। इसी के साथ शहर के बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी जोरों पर है। घरों में रखे स्वेटर, जैकेट और रजाइयां अब बाहर निकल आई हैं।

शहर के प्रमुख बाजारों रुद्री रोड, रत्नाबांधा रोड और सदर बाजार क्षेत्र में गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय दुकानों के साथ-साथ बाहर से आए अस्थायी व्यापारी भी अपने स्टॉल लगाकर ऊनी कपड़ों की बिक्री कर रहे हैं। रुद्री रोड पर उत्तरप्रदेश और लुधियाना से आए व्यापारी पिछले एक महीने से ग्राहकों की सेवा में जुटे हैं।





व्यापारी अजय सिंह, अनिल सिंह, रामप्रताप सिंह और अभय सिंह ने बताया कि उनके पास लुधियाना निर्मित ऊनी कपड़ों की नवीनतम वैरायटी उपलब्ध है। बच्चों, महिलाओं और पुरुष सभी वर्ग के लिए ट्रेंडी जैकेट, स्वेटर, हुडी, टोपी, दस्ताने से लेकर कंबल, रजाई और गद्दे तक एक ही छत के नीचे मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के कपड़ों की कीमत 300 से 3000 तक और बड़ों के कपड़ों की कीमत 500 से 5000 तक है। किफायती दरों और बेहतर क्वालिटी की वजह से ग्राहक हर साल इन्हीं व्यापारियों से खरीदारी करना पसंद करते हैं।

स्थानीय व्यापारी शंकरलाल कटारिया ने बताया कि इस वर्ष भी उन्होंने लुधियाना से ऊनी वस्त्रों का विशेष स्टॉक मंगवाया है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी ग्राहक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार कपड़े चुन रहे हैं। सर्दी के मौसम में बाजार की रौनक बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे गर्म कपड़ों की बिक्री और बढ़ने की संभावना है। गुलाबी ठंड ने जहां लोगों को सर्दी का अहसास कराया है, वहीं बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल से शहर की रौनक भी लौट आई है।

# युवतियों को दी कानूनी अधिकार की जानकारी



- प्रथम एजुकेशन सेंटर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रथम एजुकेशन सेंटर धमतरी में विधिक सेवा दिवस पर ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं के लिए विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमती उसेंडी ने कहा कि विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य आमजनों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में युवतियों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। प्रशिक्षण संस्थान की प्रभारी लकेश्वरी विश्वकर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लड़कियों को न केवल आत्मविश्वासी बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी करते हैं। प्रशिक्षुओं ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं कानूनी रूप से सशक्त बनेंगी और अन्य महिलाओं को भी अपने अधिकारों की जानकारी देंगी।

# पठार के पास मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्ति

**धमतरी।** पठार के पास मिले अज्ञात मृतक की पहचान रायपुर निवासी के रूप में की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार की रात्रि एक अज्ञात व्यक्ति घायल हालत में राजाराव पठार के पास अचेत पड़ा हुआ था जिसे हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मर्रच्यूरी में शिफ्ट करा चौकी पुलिस सोमवार से शव की शिनाख्ति का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान स्थानीय रामबाग के कुछ लोग अखबार व सोशल मीडिया में फोटो देख मृतक को रिश्तेदार के रूप में पहचान करते अस्पताल पुलिस चौकी पहुंचे। वहीं रायपुर निवासी ने अपने रिश्तेदारों को भी फोटो भेजकर सूचना दी। सूचना पर सोमवार की दोपहर रायपुर से जिला अस्पताल पहुंचे जहां चौकी पुलिस द्वारा परिजनो को मर्रच्यूरी ले जाकर शव को दिखाया। रायपुर से पहुंचे परिजनों व रामबाग के रिश्तेदारों ने मृतक की पहचान कृपाराम फरिकार पिता कृष्णा उम्र 35 वर्ष कंकालिनपारा तालाब रायपुर निवासी के रूप में की। शव की शिनाख्ति हो जाने पर चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक पांच दिन पहले 250 रुपए मांगकर घर से निकला था, जो धमतरी रामबाग निवासी अपने मामा के घर आ गया। रविवार को युवक अपने मामा से पैसे की मांग की। मामा द्वारा पैसे नहीं देने पर युवक पैदल ही वहां से निकल गया। वापस नहीं लौटने पर रिश्तेदार उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार की सुबह अखबारों में फोटो देख उसकी पहचान के लिए जिला अस्पताल पहुंचे।

# ट्रक यूनियन की कार्य समिति गठित, 11 सदस्यीय टीम करेगी संस्था का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ट्रक यूनियन धमतरी द्वारा संस्था के सुचारू संचालन के लिए 11 सदस्यीय कार्य समिति का गठन किया गया है। यह समिति यूनियन के सभी कार्यों की देखरेख एवं निष्पादन की जिम्मेदारी संभालेगी। गौरतलब है कि यूनियन के पदाधिकारियों का दो वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद पिछले एक वर्ष से चुनाव की स्थिति बनी हुई थी।

इसी सिलसिले में 9 नवम्बर को यूनियन की सामान्य सभा (जनरल मीटिंग) शहर के टिंबर भवन में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था के कार्यों को निरंतर और सुचारू रूप से चलाने 11 सदस्यों की कार्य समिति गठित की जाए।




गठित टीम में अरविंदर मुंडी, जगजीवन सिंह सिद्धू, कमल किशोर अग्रवाल, हरीश गांधी, जनार्दन सोनी, नरेंद्र खंडेलवाल, गुड्डू ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, अभिषेक सिंह ठाकुर, जाहिद अहमद और अमित अग्रवाल शामिल हैं।

समिति के गठन के बाद यूनियन सदस्यों में उत्साह का माहौल है। सदस्यों ने आशा व्यक्त की है कि यह टीम सामूहिक रूप से संस्था के हित में कार्य कर यूनियन की गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगी।

# बगदेही स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगदेही में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम हुआ। मौके पर सिविल अस्पताल कुरुद से मनोज मानिकपुरी, कुलेश्वर सिन्हा विकासखण्ड स्रोत समन्वयक कुरुद, सेजेस विद्यालय कुरुद से श्रीमती नम्रता देशमुख, कौशलपुरी गोस्वामी व्याख्याता, निरंजन साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति , भानुप्रताप साहू, चोवाराम साहू, जितेन्द्र साहू, कोमल साहू, महेश साहू, कांशीराम ध्रुवंशी समेत अन्य मौजूद थे।

# अयोध्या कप सीजन-1 की हुई ग्रैंड ओपनिंग


- कलेक्टर ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट का शुभारंभ 10 टीमें भाग ले रहीं
- यह सिर्फ टूर्नामेंट नहीं, युवाओं के खेल भविष्य की दिशा है: पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मैत्री विहार कॉलोनी स्थित स्काई टर्फ ग्राउंड में शनिवार को अयोध्या कप सीजन-1 बॉक्स नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में शहर की खेल प्रतिभाओं और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया और सभी टीमों को क्रिकेट किट एवं जर्सी प्रदान की। उन्होंने पिच पर उतरकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि एएसपी मणि शंकर चन्द्रा, एसडीओपी रागिनी मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, प्रकाश शर्मा और हेमलता शर्मा थे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आज के युवा खेलों में अपना करियर बनाना चाहते हैं, परंतु उन्हें अवसर और दिशा की आवश्यकता होती है। अयोध्या कप जैसे आयोजन युवाओं को मंच और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।





### पहले दिन चार मैच खेले गए

किंग्स राइडर ने आरडी किंग्स को 12 रनों से हराया। मैन ऑफ द मैच रहे रघुवीर बघेल। एके वॉरियर्स ने पंजाब इलेवन पर जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद राजा बने। जितेश चैलेंजर्स ने कनक आभूषण को 35 रनों से हराया। यमन साहू मैन ऑफ द मैच रहे। रॉयल हीटर्स ने दिनेश ऑटो को 6.2 ओवर में हराकर शानदार शुरुआत की। तोरण यादव मैन ऑफ द मैच रहे। हर मैच के विजेताओं को 500 नगद व मेडल प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में ओडिशा से आए डांसिंग अंपायर ने अपने अनोखे अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन किया। अयोध्या कप के संचालन में यंग स्टार क्रिकेट क्लब की टीम रघुवीर बघेल, योगेश रायचुरा, महावीर पारख, नकुल शर्मा, गुंजन यादव और जयेश सार्वा का विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट 16 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें 10 टीमें भाग ले रही हैं।

टूर्नामेंट के संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खिलाड़ियों को खेलों में भविष्य निर्माण की प्रेरणा देने वाला मंच है। उन्होंने कहा कि धमतरी में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, बस उन्हें पहचान और प्रोत्साहन की ज़रूरत है।

# पौने तीन करोड़ से होगा शहर का विकास

- महापौर रामू रोहरा बोले : जनता के हित का हर कार्य प्राथमिकता से होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर महापौर रामू रोहरा का प्रयास लगातार रंग ला रहा है। पहले दो करोड़ रुपये के 11 कार्यों को स्वीकृति मिलने के बाद अब 13 नए विकास कार्यों के लिए 80 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इस तरह कुल 24 कार्यों के लिए 2 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।



महापौर रोहरा ने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में नाली, सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता के हित का हर कार्य पूरा होगा, किसी वार्ड को उपेक्षित नहीं रहने दिया जाएगा।

आमापारा वार्ड में पुत्री शाला के सामने से मठ मंदिर चौक तक आरसीसी नाली निर्माण 7.95 लाख , महात्मा गांधी वार्ड में बालाजी कॉलोनी सड़क निर्माण 15.29 लाख, बांसपारा वार्ड में व्यायाम शाला भवन निर्माण 10 लाख, भीमराव अंबेडकर वार्ड में सीसी रोड 3.54 लाख, स्वामी विवेकानंद वार्ड में गली नं.5 में रोड निर्माण 2.63 लाख। मोटर स्टैंड वार्ड में जगन्नाथ मंदिर मार्ग आरसीसी नाली 8.50 लाख, नवागांव वार्ड में एफसीआई गेट से पुलिया क्रॉसिंग तक नाली 11.9 लाख तथा हटकेशर वार्ड में तुलसी चौक से दुर्ग रोड तक नाली निर्माण 24.96 लाख, अम्बेडकर वार्ड में गुलमोहर वाटिका कॉलोनी में नाली निर्माण 10.47 लाख, महात्मा गांधी वार्ड में जनपद कार्यालय के पास शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण 59.54 लाख तथा नगर निगम के विभिन्न स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण 24 लाख को भी मंजूरी दी गई है। महापौर रोहरा ने बताया कि नहर पर निर्भरता कम करने के लिए रूद्री बरॉज से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिसकी लागत करीब 20 करोड़ आंकी गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से नागरिकों को पानी की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

# तेजेश्वर का मॉडल राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के छात्र तेजेश्वर साहू का मॉडल हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) राज्यस्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ है। ज्ञात हो कि जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांकेर में किया गया था। इस प्रदर्शनी में ब्लॉक नगरी से कक्षा 12वीं के छात्र तेजेश्वर साहू ने हरित ऊर्जा विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है। राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन 12 नवम्बर को जबलपुर में किया जाएगा।



विद्यालय की इस सफलता पर प्राचार्य, विज्ञान प्रभारी अजय साहू, व्याख्याता वरुण किरण, धर्मेन्द्र साहू, लीलेश्वर साहू, किरण साहू, आशा एक्का, विनीता साहू, जितेश्वरी नेताम, मायावती सूर्यवंशी, अनुसुइया मरकाम, नंदलाल कश्यप, पूनमचंद साहू, माधवी नाग, होमेश्वरी साहू, रामकुमार ध्रुव, लच्छन महिलांगे, दिलीप गजभिए, रुक्मणि चतुर्वंशी तथा अनिता ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया।

# मृतक के परिवार को दी सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री के टिकरापारा निवासी तोरण कंडरा का आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम में संचालित परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा स्व. तोरण कंडरा की पत्नी मीनाबाई कंडरा को श्रद्धांजलि स्वरूप 2 हजार रुपए की सहयोग राशि दी गई।

मौके पर सितेश्वर सिन्हा, रोहित कुमार निर्मलकर, आनंद पटेल, सरोज निर्मलकर एवं मृतक के परिजन उपस्थित थे।

### सिलिडीह में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का पट्टा वितरित

**जीजामगांव।** प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्राम पंचायत सिलीडीह में पट्टा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता रुचि पेखन देवांगन सरपंच ने की। अन्य अतिथि रामबिशाल साहू उपसरपंच, टिकेंद्र चंद्राकर पटवारी, शेखुराम साहू सचिव, पंचगण देव जानी देवांगन, पूर्णिमा यादव, पूर्णिमा निषाद, संतोष निषाद, अर्जुन ध्रुव, गंगा महिलांगे, दुर्गा निषाद थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार रखे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक 05 दिसंबर 2025 15 जनवरी 2026 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020